आइटीआइ नंगल में अग्नि सुरक्षा सेमिनार में जागरूक किए प्रशिक्षु

जागरण संवाददाता, नंगल : तकनीकी शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के निर्देशानुसार व निदेशक तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंजाब की ओर से जारी निर्देशानुसार सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंगल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया।

भाखड़ा बांध के मुख्य अभियंता चरणप्रीत सिंह के नेतृत्व में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजीव भदौरिया की टीम ने विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि अग्निशमन कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाते हैं। उन्होंने आइटीआइ नंगल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आग बुझाने के लिए हर व्यक्ति को जानकारी प्राप्त करना जरूरी है। प्रिंसिपल गुरनाम सिंह भलड़ी ने आग लगने के कारण व आगजनी नियंत्रण पर अपने अनुभव साझा करते हुए अग्निशमन यंत्रों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कृत्रिम आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों से सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने का आग्रह करते हुए बताया गया कि आग लगने से जहां आर्थिक नुकसान होता है वहीं कई अमूल्य जिंदगियां भी खतरे में पड़ जाती हैं। इस अवसर पर ट्रेनिंग आफिसर राकेश धीमान, अश्वनी कुमार, संजीव कुमार मल्ली, वरिंदर सिंह, दलजीत सिंह, मनोज कुमार, बलिंदर कुमार, मनप्रीत सिंह, बलजीत सिंह, होशियार सिंह, हरप्रीत सिंह, ऋषिपाल, संदीप कुमार, मनिंदर सिंह, गुरनाम कौर, माया देवी आदि मौजूद थे।

नंगल आइटीआइ में अग्नि सुरक्षा के बारे प्रशिक्षुओं को जागरूक करते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजीव भदौरिया। साथ हैं आयोजक • सौ. स्वयं